सोमवार
29 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में इंटर के छात्र की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

**ऐतिहासिक दिन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नये संसद भवन का उद्घाटन कर हवन-पूजन के बीच सेंगोल यानी राजदंड को किया स्थापित

# लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, एक संस्कार, एक विचार, एक परंपरा है : मोदी

- नई संसद के पहले दिन पीएम मोदी ने मौजूद गणमान्य लोगों को किया संबोधित
- बोले- संसद का यह नया भवन, भारत के सृजन का आधार बनेगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश को नया संसद भवन मिल चुका है। पीएम मोदी ने पूरे विधि-विधान से इसका उद्घाटन किया। नए भवन में लोकसभा में 888 और राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। नई संसद के पहले दिन पीएम मोदी ने मौजूद गणमान्य लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हर देश की विकास यात्रा में कुछ पल ऐसे आते हैं, जो हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। कुछ तारीखें समय के ललाट पर इतिहास का अमिट हस्ताक्षर बन जाती हैं। आज 28 मई 2023 का यह दिन ऐसा ही शुभ अवसर है। देश आजादी के 75 वर्ष होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है। इस महोत्सव में भारत के लोगों ने अपने लोकतंत्र को संसद के इस नए भवन का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि साथियों ये सिर्फ एक भवन नहीं है। एक राष्ट्र के रूप में हम सभी के लिए 140 करोड़ का संकल्प ही इस संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां होने वाला हर निर्णय ही, आने वाले समय को संवारने वाला है। संसद की हर दीवार, इसका कण-कण गरीब के कल्याण के लिए समर्पित है।



पवित्र सेंगोल को हाथ में पकड़े पीएम मोदी।



मंत्रोचारण के बीच सेंगोल को हाथ में लेने से पहले साष्टांग दंडवत प्रणाम करते पीएम मोदी।

### चोल साम्राज्य में कर्तव्य पथ, राष्ट्रपथ का प्रतीक था सेंगोल

पीएम मोदी ने कहा कि संसद का यह नया भवन, भारत के सृजन का आधार बनेगा। संसद की इस नई इमारत में सेंगोल की स्थापना को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्रपथ का प्रतीक माना जाता था। राजाजी और आदिनम के संतों के मार्गदर्शन में यही सेंगोल सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक बना था। मोदी ने कहा कि मुझे तमिलनाडु से विशेष तौर पर आए हुए आदिनम के संत ने आशीर्वाद दिया। मैं उन्हें पुनः नमन करता हूं।

### हमारी प्रेरणा एक रही है, देश का और लोगों का विकास

नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब भी इस संसद भवन में कार्यवाही शुरू होगी। यह सेंगोल हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी भी है। भारत आज वैश्विक लोकतंत्र का बहुत बड़ा आधार है। लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था ही नहीं, एक संस्कार है, एक विचार है, एक परंपरा है। पंचायत भवन से लेकर संसद भवन तक हमारी निष्ठा एक ही है |हमारी प्रेरणा एक रही है। देश का विकास, देश के लोगों का विकास।

### सरकार के नौ साल गरीबों के कल्याण के लिए रहे हैं

उन्होंने कहा कि कोई भी एक्सपर्ट अगर पिछले नौ वर्षों का आकलन करे तो पाएगा कि यह नौ वर्ष गरीबों के कल्याण के लिए रहे हैं। मुझे पिछले नौ साल में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनने का संतोष है। हम जब इस भव्य इमारत को देखकर अपना सिर ऊंचा कर रहे हैं, तो हम नौ साल में बने 11 करोड़ शौचालय को देखकर गर्व कर रहे हैं। चार लाख किमी से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया। हमने चार साल में अमृत सरोवरों का निर्माण किया। हमने 30000 से ज्यादा पंचायत भवन भी बनाए हैं।


### समय की जरूरत थी संसद के नए भवन का निर्माण

पीएम मोदी ने कहा कि संसद के पुराने भवन में सभी के लिए अपने कार्यों को पूरा करना मुश्किल हो रहा था, यह हम सभी जानते हैं। तकनीक, बैठने की जगह से जुड़ी चुनौतियां थीं। हमें यह भी देखना था कि आने वाले समय में सीटों की संख्या बढ़ेगी, सांसदों की संख्या बढ़ेगी तो वे कहां बैठेंगे। इसलिए यह समय की जरूरत थी कि संसद के नए भवन का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन नए सुविधाओं से लैस है। आप देख सकते हैं कि इस वक्त भी सूर्य का प्रकाश सीधे आ रहा है। इसमें तकनीक का पूरा ध्यान रखा गया है। पीएम ने कहा कि इस नई इमारत के लिए करीब 60 हजार श्रमिकों ने अपना पसीना बहाया है। कड़ी तपस्या के बाद यह भवन बनकर तैयार हुआ है।

### पीएम मोदी ने सेंगोल को साष्टांग दंडवत प्रणाम किया

नई संसद के उद्घाटन पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन के कार्यक्रम के बीच पीएम मोदी ने सेंगोल यानी राजदंड को नए भवन में लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास स्थापित किया। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन हुआ। जिसमें अलग-अलग धर्मों से जुड़े धर्मगुरुओं ने अपनी-अपनी पूजा विधियों से प्रार्थना की। नई संसद के उद्घाटन कार्यक्रम से पहले पीएम मोदी को देश के कई मठों से आए पुजारियों ने सेंगोल दिया। पीएम मोदी को सेंगोल दिए जाने से पहले उन्होंने सेंगोल को साष्टांग दंडवत प्रणाम किया।

## कांग्रेस का विवादित पोस्ट... पीएम मोदी का कद पंडित नेहरू के जूते के बराबर बताया



**एजेंसी/नई दिल्ली/पटना**

नए संसद भवन के उद्घाटन अवसर पर विपक्ष का मोदी सरकार के खिलाफ विरोध जारी रहा। कांग्रेस ने विरोध के इसी क्रम में रविवार को एक ऐसी तस्वीर पोस्ट की है जिसे लेकर भाजपा आगबबूला है। दरअसल, कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की एक फोटो पोस्ट की है। इसमें नेहरु काफी लम्बे दिख रहे हैं और उनके पांव के जूते के बराबर में बिल्कुल छोटे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे दिखने वाले शख्स की तस्वीर है। बाद में मोदी की कथित प्रतीकात्मक तस्वीर को बड़े गोले में दर्शाया गया है। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है 'कितनी भी कोशिश कर लो.' एक तरह से कांग्रेस ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि नेहरु के सामने पीएम मोदी का कद कुछ भी नहीं है।

**राजद ने नए संसद भवन की तुलना ताबूत से की:** वहीं राजद ने एक पोस्ट में नए संसद भवन की तुलना ताबूत से कर दी। इसे लेकर राजद के खिलाफ भाजपा के कई नेताओं ने इसे संसद और लोकतंत्र का अपमान करने वाला बताया। भाजपा ने कहा कि नया संसद भवन नए भारत की पहचान है और ताबूत पोस्ट करना दिखाता है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजद को जनता इसी ताबूत में बंद कर देगी।

### 'अहंकारी राजा' सड़कों पर कुचल रहा जनता की आवाज: राहुल गांधी

संसद के उद्घाटन के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व सांसद राहुल ने एक ट्वीट करके जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में आवाज उठाई। राहुल गांधी ने कहा, राज्याभिषेक पूरा हुआ- 'अहंकारी राजा' सड़कों पर कुचल रहा जनता की आवाज। नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर विपक्ष और बीजेपी सरकार के बीच पिछले कई दिनों से रार ठनी हुई थी। दरअसल, विपक्ष चाहता था कि नई संसद का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के हाथों ना होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू के हाथों से हो। इसलिए 19 विपक्षी पार्टियों ने उद्घाटन समारोह से दूरी बनाए रखा।

## नई संसद के सामने महापंचायत करने जा रहे पहलवान लिये गए हिरासत में, बाद में सभी रिहा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में जंतर-मंतर पर पिछले एक महीने से आंदोलन कर रहे पहलवानों का रविवार सुबह हिरासत में ले लिए गया था। पुलिस ने पहलवानों को उस समय हिरासत में लिया था जब वह नए संसद भवन की तरफ मार्च कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोका, लेकिन पहलवानों ने अपना मार्च जारी रखा। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने पहलवानों को हिरासत में ले लिया। हालांकि बाद में सभी पहलवानों को रिहा कर दिया गया। पुलिस ने पहले महिला पहलवानों को रिहा किया, जिसके बाद पुरुष पहलवानों की रिहाई हुई। वहीं इससे पहले पहलवानों को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने जंतर-मंतर को खाली करा दिया था। पुलिस अधिकारियों ने पहलवानों के चारपाई, गद्दे, कूलर, पंखे और तिरपाल की छत सहित अन्य सामानों को हटाकर विरोध स्थल को साफ करना शुरू कर दिया था।

**विपक्षी नेताओं ने कहा-पूरा देश ये सब देख रहा है:** पहलवानों पर की गई पुलिस कार्रवाई की विपक्षी नेताओं की कड़ी निंदा की, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, जिस तरह से दिल्ली पुलिस ने



साक्षी मलिक, विनेश फोगट और अन्य पहलवानों के साथ मारपीट की, उसकी कड़ी निंदा करती हूं। यह शर्मनाक है कि हमारे चैंपियंस के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है। लोकतंत्र सहिष्णुता में निहित है लेकिन निरंकुश ताकतें असहिष्णुता और असंतोष को दबाने पर पनपती हैं। मैं मांग करती हूं कि उन्हें पुलिस द्वारा तुरंत रिहा किया जाए। मैं अपने पहलवानों के साथ खड़ी हूं।

## यूपीएससी की परीक्षा देने पटना पहुंचे अभ्यर्थी को बदमाशों ने मार दी गोली

- बक्सर जिले के ब्रह्मपुर का रहनेवाला है छात्र
- छिनतई का विरोध करने पर बदमाशों ने मारी गोली

**केटी न्यूज/पटना**

यूपीएससी की परीक्षा देने पटना पहुंचे बक्सर जिले के ब्रह्मपुर के एक अभ्यर्थी को बदमाशों ने पेट में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल अभ्यर्थी का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात बक्सर निवासी राहुल कुमार ओझा (23) विभूति एक्सप्रेस से राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन पर उतरा था। वहां से राहुल पैदल ही अपने दोस्त के कमरे पर जा रहा था। इसी दौरान कांटी फैक्ट्री रोड़ के पास बाइक सवार बदमाशों ने उससे लूटपाट का प्रयास किया। इसका राहुल ने विरोध किया। इसी बीच एक बदमाश ने राहुल के पेट में गोली मार दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। गोली लगने के बाद राहुल गंभीर हालत में खुद ही अस्पताल पहुंचा।

घायल छात्र के बड़े भाई राजेश ओझा ने बताया कि ब्रह्मपुर से राहुल परीक्षा देने पटना पहुंचा था। राजेंद्र नगर स्टेशन से अपने मित्र के घर पैदल ही जा रहा था। इसी बीच कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया और उससे छिनतई करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने पेट में गोली मार दी। गोली लगने के बाद भागते हुए राहुल पास के निजी अस्पताल राजेश्वरी में पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया। हालत गंभीर है। ओटी में ऑपरेशन के लिए ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों के द्वारा तीन यूनिट ब्लड चढ़ाया गया है।




**नेशनल फैमिली प्लानिंग के सर्वे से स्वास्थ्य महकमे में मचा हड़कंप**

# सर्वे रिपोर्ट: बिहार में लगातार कम हो रही लड़कियों की संख्या

- आज भी बेटों की चाह में गर्भ में ही मार दी जा रहीं बेटियां
- अल्ट्रासाउंड का गलत इस्तेमाल बन रहा बेटियों की हत्या की वजह

**एजेंसी/पटना**

बिहार में किये गए नेशनल फैमिली प्लानिंग के एक सर्वे रिपोर्ट में लड़कियों की संख्या में लगातार कमी आने की बात सामने आई है। जिसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। बता दें कि, अत्याधुनिकता के इस दौड़ में महिलाएं और पुरुष हर क्षेत्र में अपना परचम एक साथ लहराते



नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आज भी कुछ लोग बेटियों से ज्यादा बेटों की चाह रखते हैं। ऐसे में कई ऐसे लोग अल्ट्रा साउंड जांच के जरिये गर्भ में ही नवजात की हत्या करवा देते हैं।

### अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर भ्रूण हत्या की बन रहे वजह

दरअसल, गलत ढंग से चलाये जा रहे ऐसे अल्ट्रासाउंड जो बिना डॉक्टर, बिना मान्यता के परिचालन हो रहे हैं। यह सभी भ्रूण हत्या जैसे संगीन मामलों को अंजाम देते हैं। जिसे रोकने और गैर कानूनी उल्ट्रासाउंड सेंटरों को खंगालने में बिहार स्वास्थ्य विभाग की जांच दल टीम जुटी हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर ऐसे उल्ट्रासाउंड सेंटरों पर ताला जड़ने की तैयारी में जुट गई है।

### 834 में मात्र 514 रजिस्टर्ड

पटना के सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार ने बताया है कि जिले में लगातार गैर कानूनी ढंग से चलाये जा रहे उल्ट्रासाउंड सेंटरों पर करवाई की जा रही है। पटना बड़ा क्षेत्र है। यहाँ मजिस्ट्रेट के साथ मेडिकल टीम जांच दल और स्थानीय पुलिस के सहयोग से करवाई की जा रही है। पटना जिले में निबंधित 834 उल्ट्रासाउंड सेंटर रजिस्टर्ड है। जिसमे 514 के लगभग उल्ट्रासाउंड सेंटर फंग्शनल है। इसके अलावे जितने भी गैर कानूनी ढंग से उल्ट्रासाउंड सेंटर जांच दल के द्वारा करवाई में पाया जाएगा उसपर कानूनी कारवाई कर उसे बंद किया जाएगा।

# चिंताजनक: रोहतास जिले में एक साल में मिली 2129 एनीमिया पीड़ित गर्भवती महिलाएं

**केटी न्यूज/सासाराम**

- गर्भवती महिलाओं के लिए एनीमिया बीमारी जानलेवा, गर्भावस्था के दौरान खान पान का रखें ख्याल

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में हिमोग्लोबिन की कमी होना एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, जिससे महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हो रही है। ज्यादातर गर्भवती महिलाएं आयरन की कमी वाला एनीमिया से पीड़ित हो रही है। ऐसे में प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं के साथ साथ शिशु के भी जान का खतरा बना रहता है। यदि गर्भावस्था के दौरान उचित खान-पान का ध्यान ना दिया जाए तो अक्सर महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हो जाती है। प्रसूति रोग विशेषज्ञ बताती है कि गर्भावस्था के दौरान 9% से कम हीमोग्लोबिन होने पर महिलाएं एनीमिया से पीड़ित मानी जाती है। वही 7% से कम हिमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाएं अति गंभीर एनीमिया से पीड़ित की कैटेगरी में आती है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को खानपान पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला स्वास्थ समिति से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2022 से लेकर 31 मार्च 2023 तक जिले में 2129 ऐसी गर्भवती महिलाएं पाई गई। जिनका हिमोग्लोबिन 7% से कम था और जो अति गंभीर एनीमिया के श्रेणी में आती है।



**प्रग्नेंसी में एनीमिया का इलाज :** प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. सुरभि ने बताया कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया एक बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया ज्यादा बढ़ जाता है तो आयरन की गोली दी जाती है। ज्यादातर गर्भवती को आयरन के सप्लीमेंट दिए जाते है ताकि गर्भवती और शिशु दोनों में खून की कमी न हो। साथ ही आयरन फोलिक एसिड के भी सप्लीमेंट्स दिए जाते है। डॉ सुरभि ने बताया कि प्रसव के दौरान खून की कमी होने पर रक्त भी चढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया की कभी कभी एनीमिया पीड़ित गर्भवती महिलाओ में 4 से 5% खून रह जाता है ऐसे में खून चढ़ाना जरूरी हो जाता है। यदि एनीमिया की जिलाज सही समय पर न हो तो गर्भवती महिलाओं के साथ साथ शिशु का भी मृत्यु होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को सलाह दिया कि अपना नियमित जांच करती रहें। सरकारी अस्पतालों में प्रत्येक माह गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच की जाती है साथ ही साथ उचित सलाह दी जाती है।

**घरेलू उपचार से भी एनीमिया को किया जा सकता है दूर :** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में कमजोरी, चलने पर तुरंत थकावट हो जाना, शरीर पीला पड़ना, सांस की तकलीफ, सिर में दर्द होना, चिड़चिड़ा व्यवहार होना, चक्कर, हाथ और पैर में झुनझुनी होना मुख्यतः एनीमिया के प्रारंभिक लक्षण माने जाते हैं। ऐसी लक्षण वाली महिलाओं को खून के जांच की सलाह दी जाती है। डॉ सुरभि ने कहा कि एनीमिया पीड़ित महिलाओं खान पान पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। एनीमिया पीड़ित गर्भवती महिलाओं को चुकन्दर, गाजर, ब्रोकली, पालक, सेब, केला, सोयाबीन, चना का सेवन प्रचुर मात्रा में करना चाहिए।

## हत्या का कारण स्पष्ट नहीं, प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम देने की बात

# भोजपुर में इंटर के छात्र की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेलडुमरा गांव में शनिवार की रात इंटर के एक छात्र की धारदार हथियार से गला काट बेरहमी से हत्या कर दी गई। रविवार की सुबह भेलडुमरा और सारंगपुर गांव के बीच खेत से उसका शव बरामद किया गया। उसकी गर्दन के पिछले हिस्से में धारदार हथियार से काटे जाने का निशान मिला। वहीं उसका पूरा चेहरा खून से लथपथ था। मृत छात्र भेलडुमरा गांव निवासी साजन प्रसाद उर्फ कलेक्टर प्रसाद का 19 वर्षीय बेटा रवि कुमार था। वह शनिवार की देर शाम दोस्तों के साथ घर से निकला था। जिसके बाद उसकी कोई खबर नहीं लगी। साथ ही, उसका मोबाइल भी गायब है।

इधर, सुबह होते ही छात्र का शव मिलने से दोनों गांवों में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन की। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हत्या का कारण फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

मृतक के चचेरे भाई सुनील कुमार ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। हालांकि प्रेम-प्रसंग में हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस की शुरूआती जांच में भी हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग की बात सामने आयी है। बताया जा रहा है कि छात्र रवि अपने दो भाई व तीन बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मांस सुनैना देवी, भाई राजू कुमार, बहन दुर्गा देवी, सुमन देवी और प्रिया कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां सुनैना देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



- पुलिस ने घटना में शामिल अपराधियों को किया चिन्हित, छापेमारी जारी
- भेलडुमरा और सारंगपुर गांव के बीच खेत से मिला युवक का शव, मचा कोहराम



**छात्र के मोबाइल पर लड़की ने की बात, पुलिस खंगाल रही सीडीआर :** इंटर के छात्र रवि कुमार की मर्डर मिस्ट्री में एक लड़की का नाम भी आ रहा है। उसके मोबाइल पर किसी लड़की द्वारा बात किये जाने से प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका तेज हो गयी है। बताया जा रहा है कि छात्र की खोजबीन में उसके दोस्तों ने मोबाइल पर कॉल की तो किसी लड़की द्वारा फोन रिसीव की गयी। छात्र के चचेरे भाई सुनील कुमार ने बताया कि उसके दोस्त द्वारा उसके मोबाइल पर कॉल की गयी, तो किसी लड़की ने बात की थी। उसके बाद से रवि का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। उसने बताया कि रवि के दोस्तों से पूछताछ करने पर पता चलेगा कि वह सब किस लड़की से बात करते थे। सुनील कुमार के अनुसार उनको या उसके घरवालों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि फिलहाल उसने किसी भी व्यक्ति विशेष पर हत्या या किसी प्रकार का आरोप नहीं जताया है। इधर, लड़की का नाम आने के बाद पुलिस प्रेम प्रसंग के एंगल से भी तफ्तीश में जुट गयी है। उसके लिए छात्र रवि के मोबाइल की सीडीआर खंगाला जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उसकी किस किस और आखिरी मे किससे बात हुई थी। बताया जाता है कि रवि का मोबाइल भी गायब है।

### जांच के लिए एएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित

एसपी की ओर से हत्या के कारणों की तफ्तीश और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर दी थी गया है। उसमें मुफस्सिल थानाध्यक्ष और डीआईयू के अफसर शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला प्रेम-प्रसंग का ही लग रहा है। उसके तहत लड़के को संध्या में संभवतः कोई बुलाकर ले गया था। रात में वह घर नहीं लौटा। रविवार की सुबह उसका शव बरामद किया गया। उसकी गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया है। घटना में शामिल कुछ लोग चिन्हित कर लिये गये हैं। एक लड़की का भी नाम आ रहा है। अनुसंधान किया जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

### शनिवार की शाम दोस्त के साथ निकला था छात्र

सुनील कुमार ने बताया कि उसका चचेरा भाई शनिवार की शाम घर पर ही था। इस बीच गांव का एक युवक उसके घर उसे बुलाने के लिए आया। उसके बाद वह अपने दोस्त के साथ घर से निकल गया। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। मोबाइल भी बंद बता रहा था। रविवार की सुबह पता चला कि उसका शव खेत में पड़ा है। जहां लोगों ने देखा कि रवि का गर्दन कटा है और वह खून से लथपथ मृत अवस्था में खेत में पड़ा है। सुनील कुमार के अनुसार रवि बिल्कुल सीधा-साधा लड़का था। उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। बहरहाल पुलिस हर एंगल से तफ्तीश कर रही है।

## ट्रक चालकों से अवैध वसूली करते तीन पुलिस कर्मी गिरफ्तार, निलंबित

**आरा।** जिले में ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार की देर रात अवैध वसूली करते हुए तीन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक सैप हवलदार चालक और दो सिपाही शामिल हैं। तीनों को एएसपी के नेतृत्व में चांदी थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। उनके पास से वसूले गए करीब एक हजार रुपए भी बरामद किए गए। गिरफ्तार पुलिस कर्मियों में सैफ हवलदार चालक रविशंकर सिंह, सिपाही शिवकुमार और विजय प्रसाद शामिल हैं। उनमें हवलदार चालक पर वसूली करने और सिपाहियों को ट्रक रुकवाने का आरोप है। तीनों ईआरवी सहार में पदास्थापित थे। गिरफ्तारी के बाद तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। वहीं भ्रष्टाचार अभिनियम के तहत तीनों को जेल भी भेज दिया गया। पूरी कार्रवाई एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर की गयी है।

एसपी को सूचना मिली कि ईआरवी सहार में पदास्थापित पुलिस कर्मियों द्वारा चांदी थाना क्षेत्र में ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसपी द्वारा मामले की जांच करने के लिए एएससी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। एसपी के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और तीनों को अवैध वसूली करते पकड़ा। जहां हवलदार वसूली कर रहा था और दो सिपाही ट्रक रोक रहे थे। तलाशी के दौरान उनके पास से चालकों से वसूल किया गया 1030 रुपए भी बरामद किए गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीनों को जेल भेज दिया गया। उसके बाद तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# सरकारी काम में बाधा डालने पर मेयर समेत चार पर प्राथमिकी

**सासाराम।** जिले के नगर थाना में रविवार को नगर निगम की मेयर और उनके पति समेत चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर एफआईआर हुई है। शनिवार को कार्यालय के बाहर मेयर और पार्षदों द्वारा नगर आयुक्त के खिलाफ जमकर हंगामा और नारेबाजी की गई थी। नगर आयुक्त के कार्यालय में तालाबंदी भी की गई थी।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर सासाराम नगर निगम की मेयर काजल कुमारी, उनके पति विकास सिंह समेत चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी नगर निगम के कर्मचारी मनीष के द्वारा दर्ज कराई गई है। शनिवार को नगर निगम की बैठक में नगर आयुक्त और मेयर, अन्य वार्ड पार्षदों के बीच वीडियोग्राफी को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद मेयर समेत पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया और बाहर निकल गए। नगर निगम गेट के पास मेयर, उपमेयर एवं अन्य पार्षदों ने नगर आयुक्त पर मनमानी एवं अफसरशाही का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की थी। नगर आयुक्त के चैंबर के बाहर भी जमकर नारेबाजी हुई और थोड़ी देर के लिए तालाबंदी भी की गई थी। इसी मामले में अब नगर निगम प्रशासन द्वारा मेयर, मेयर के पति, समेत चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# थ्रू ट्रेन की चपेट में आने से बेटी के सामने ही पिता की हुई दर्दनाक मौत, धरने पर बैठे आक्रोशित लोग

**केटी न्यूज/आरा**

बिहिया रेलवे स्टेशन पर रविवार को थ्रू ट्रेन की चपेट में आने एक शख्स की मौत हो गई। बिहिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक के लूप लाइन पर थ्रू ट्रेन से घटी इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसका नेतृत्व बिहिया नगर पंचायत अध्यक्ष कर रहे थे। उनके नेतृत्व में स्थानीय लोग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर धरने पर बैठ गए। जिससे मौके पर काफी देर तक अफरातफरी मची रही।

लोगों ने बताया कि स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 से 3 पर जाने में इस्तेमाल की जानेवाली फुट ओवरब्रिज काफी दिनों से जर्जर है। जिसका निर्माण धीमी गति से हो रहा है। ब्रिज का निर्माण धीमा होने से लोग रेलवे स्टेशन के रैलट्रैक को पार कर बिहिया शहर के दोनों ओर आ-जा रहे हैं। जिससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं और



कई लोग मौत के मुंह मे समा चुके हैं। बावजूद इसके फुट ओवरब्रिज का निर्माण कई महीनों के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है और लोग खतरों के बीच रेलट्रैक पार कर आवागमन कर रहे हैं। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ और अपनी बेटी को बिहियां बाजार से खरीदारी कर वापास अपने गांव मसाढ़ लौटने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे मसाढ़ निवासी दिनेश साह की मौत हो गई। धरने पर बैठे लोगों के मुताबिक एक तो ओवरब्रिज जर्जर और दूसरी तरफ रेलवे ने मेन लाइन पर मालगाड़ी लाकर खड़ी कर दी और लूप लाइन से थ्रू ट्रेन पास करा दी। जिसकी चपेट में आकर उदवंतनगर प्रखंड के मसाढ़ निवासी दिनेश साह की उनकी बेटी के नजरों के सामने मौत हो गई। घटना के वक्त उन्होंने अपनी बेटी को प्लेटफार्म पर चढ़ा दिया था और खुद प्लेटफार्म पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तब तक थ्रू ट्रेन लूप लाइन पर तेज गति से आ गई और उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। स्थानीय लोग घटना की वजह मेन लाइन पर लगी मालगाड़ी को बताते हुए फूट ओवरब्रिज का निर्माण जल्द कराने की मांग करते हुए स्टेशन पर धरने पर बैठ गए। जिससे दानापुर-डीडीयू रेलखंड पर अप और डाउन लाइन पर दो घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित रहा। काफी देर के बाद मौके पर पहुंचे आरा जीआरपी थानाध्यक्ष और बिहिया सीओ के आश्वासन के बाद धरना दे रहे लोग स्टेशन से वापस लौटे।

## दूषित जल व बाहरी भोजन से बच्चों को बचाएं, अविलंब चिकित्सीय प्रबंधन करेगा सुरक्षा

# सलाह: वायरल बुखार के लक्षणों को पहचान कर करें समुचित प्रबंधन

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में वायरल बुखार से ग्रसित मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इन मरीजों में ज्यादातर छोटे बच्चे की संख्या देखी जा रही है। इस अनजान वायरल बुखार से बच्चों के ग्रसित होने से पूरा स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड में है। तापमान में उतार चढ़ाव के कारण बच्चों के बीमार पड़ने की खबर सभी प्रखंडों से आ रही है। स्वास्थ्य विभाग सभी आवश्यक तैयारी कर इस वायरल बुखार से निपटने हेतु संकल्पित है। सदर अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बेड के साथ आवश्यक



दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चों में किसी भी प्रकार के बुखार संबंधी जटिलताओं के लक्षण की पहचान कर उसका ससमय प्रबंधन बच्चों को सुरक्षित रखने में सहायक होता है। इसके लिए जिला में वायरल बुखार से ग्रसित बच्चों के लिए सभी समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा भी ऐसे बुखार से ग्रसित बच्चों के तत्कार उपचार की व्यवस्था की गयी है।

**खतरे के संकेतों की पहचान जरुरी:** बच्चों को तेज बुखार, बदन में सुस्ती का अनुभव, सांस लेने में परेशानी अथवा सांस बहुत तेज चलना, लगातार सर्दी का बना रहना और सांस लेने में आवाज सुनाई दे तो ये वायरल बुखार के लक्षण हो सकते हैं। बुखार से ग्रसित होने पर गले में दर्द रहना और मूंह में छालों की भी समस्या देखी जा रही है। इन लक्षणों के नजर आते ही त्वरित चिकित्सीय प्रबंधन की जरुरत होती है इसलिए लक्षणों को समझना और उनकी पहचान कर तुरंत उपचार कराना जरुरी होता है। किसी भी बीमारी के लक्षण पहचानकर समय पर उपचार जरूरी है। अगर थोड़े समय में पांच से छह बार दस्त या उल्टी होने पर तुरंत ही डॉक्टर को दिखाएं। घर पर ओआरएस का घोल व तरल पदार्थ देते रहें लेकिन इससे लाभ न होने पर लापरवाही न करें। बच्चा सुस्त रहे व आंख न खोले, पेट की चमड़ी में ढीलापन आए तो यह डिहाइड्रेशन के संकेत होते हैं।

### इन बातों का रखें विशेष ख्याल

- घर के बाहर तेज धूप या तेज बारिश में जाने से बचाएं
- पानी उबालकर पिलाएं
- फास्ट फूड व जंक फूड खाने से बचाएं
- सड़े गले या अधिक पके फल न खिलाएं
- हमेशा घर का बना ताजा व तरल भोजन ही खिलाएं
- बच्चे में पानी की कमी न होने दें

## एक नजर

### शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में हुआ पौधरोपण



**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर में रविवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 104वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण का कार्यक्रम मखदुमपुर प्रखंड के इक्किल गांव के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। पौधरोपण के पूर्व गायत्री मंत्र का सस्वर उच्चारण किया गया। तत्पश्चात पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित युवा प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में लोग अपने स्वार्थ और लालच के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर, पर्यावरण के साथ जमकर खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर पेड़ों को नहीं बचाया गया तो हर तरफ हाहाकार मच जाएगा। जिसके बाद मनुष्य एवं जीव-जंतु सभी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। पौधरोपण समय की मांग हैं। गायत्री परिवार का संकल्प जिले को हरा-भरा बनाने का है। जिलेवासियों से अनुरोध है कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण करें। इस अवसर पर जिला प्रभारी रंगेश कुमार, हरि जी, कौशल कुमार, रंगनाथ शर्मा, नीतीश कुमार, पप्पू कुमार, नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, रामपुकार शर्मा एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### आंदोलन के मूड में जिला का रसोईया संघ

**जहानाबाद।** बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ ने रविवार को स्थानीय माध्यमिक शिक्षक संघ भवन के सभागार में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष शैला देवी ने की। शैला देवी नेकहा कि विभागीय पदाधिकारी के द्वारा तानाशाह रवैया अपनाया जा रहा है एवं मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। बैठक में जिला सचिव पूनम कुमारी ने कहा कि सात जनवरी को डीईओ एवं डीपीओ एमडीएम के साथ रसोईया के मांगों से संबंधित समझौता किया गया था। लेकिन आज तक उक्त समझौता का पालन नहीं किया गया। साथ ही दिनांक 23 मई को डीईओ से वार्ता करना चाहा तो उन्होंने वार्ता करने से इंकार कर दिया। बैठक में डीईओ एवं डीपीओ एमडीएम द्वारा मांगों की पूर्ति नहीं की गई। जिसकी घोर निंदा करते हुए महासंघ के सम्मानित अध्यक्ष रामाधार शर्मा, संजय कुमार जिला सचिव एवं सतेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष सह जिला सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा कहा गया कि गरीब रसोईया की समस्या हल नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण रसोईया भूखमरी की कगार पर हैं। इस दौरान सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि समझौता के आधार पर मांगों की पूर्ति दिनांक 12 जून तक नहीं होती है तो 13 जून को डीईओ एवं डीपीओ एमडीएम के समक्ष धरना प्रदर्शनकिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही डीईओ एवं डीपीओ एमडीएम की होगी। बैठक में मनोज, जगरौशन, किरण, सुशीला, तारा, जयमाला एवं जिले भर के सैकड़ों रसोईया शामिल हुए।



### संविधान से भाजपा का विश्वास उठ चुका: अमित

**जहानाबाद।** जदयू जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु ने रविवार को ब्यान जारी किया। जिसमें उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रपति लोकसभा एवं राज्य सभा के संरक्षक होते हैं। प्रतिवर्ष बजट सत्र के पहले उनका अभिभाषण होता है और दोनों सदन राज्यसभा और लोकसभा उनके उत्तरदाई होता हैं, लेकिन देश के संविधान से भाजपा का विश्वास उठ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पीठ थपथपाने के आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बना दिया गया। परंतु आज उन्हें अपमानित किया जा रहा है। नए संसद भवन का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति जी से नहीं करवाना सीधे तौर पर देश के संवैधानिक मूल्यों पर हमला है।आदिवासी समाज से आने के कारण महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ भाजपा यह दुर्व्यवहार कर रही है। जदयू जिला प्रवक्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा भारत के गौरवशाली इतिहास को बदलकर आरएसएस के द्वारा मोदी इतिहास थोपना चाहती है। हमारे देश में वर्तमान संसद की महत्ता अतुलनीय है। उसकी गरिमा और धरोहर से छेड़छाड़ करना अनैतिक कृत्य है। वर्तमान संसद भवन में ही भारत के संविधान का निर्माण हुआ था। परंतु भाजपा भाजपा की वर्तमान केंद्र सरकार संविधान और संविधान संबंधित सारी विरासत मिटाना चाहती है।

### डीएम ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने रविवार को सदर अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो का ड्रॉप पीला कर पांच दिवसीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार राज्य के विभिन्न जिलों के साथ साथ जहानाबाद जिले में भी पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जो 28 मई से 01 जून तक अभियान चला कर जिले के सभी शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो का ड्राप पिलाया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के सभी आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा आशा व उषा कार्यकत्ताओं को लगाया गया है। जो अपने-अपने पोषक क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो का ड्राप पिलायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के पल्स पोलियो अभियान के तहत एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा का अनुपालन हर एक जिम्मेदार नागरिक का कार्य है। इसके लिए हम सभी को आगे आकर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना होगा। पल्स पोलियो का ड्राप पिलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि एक भी बच्चा पोलियों की बीमारी से ग्रस्ति ना हो। बच्चे हीं हमारे देश में आने वाले भविष्य है। जिसके लिए पोलियों पर शत प्रतिशत काबू पाने के लिए जिलाधिकारी ने जिलावासियों से अपील किया कि पोलियों पर देश की जीत बनाएं रखने में योगदान दे।

### पहलवान महिला खिलाड़ियों के समर्थन में खड़ी है एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी

**जहानाबाद।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में जहानाबाद जिला में दिल्ली में चल रहे पहलवान महिला खिलाड़ियों आंदोलन पर पुलिसिया दमन के विरोध में सभा का आयोजन किया गया। सभा को उमाशंकर वर्मा, इंदु कुमारी एवं राजु कुमार ने संबोधित किया और सभी ने जो आंदोलन पर दमन चल रहे हैं। उसको लेकर जनता को एकजुट होने का आह्वान किया। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सुरक्षा, भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई जैसी समस्याओं से जनता घिरी है। ऐसे हालात में जहां देश के मुखिया आंदोलन को दबाने में लगे हुए हैं। देश की जनता को खुद जिस तरह से आजादी आंदोलन में लोगों ने संघर्ष चला कर अपनी मुक्ति का परचम लहराया था आज वर्तमान में भी एकजुट होकर के इन तमाम समस्याओं को खिलाफ में जाति, धर्म मजहब व संप्रदाय से ऊपर उठकर सभी को आवाज बुलंद करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में गोविंद कुमार, सृष्टि वर्मा, एवं छात्र छात्राएं भी शामिल हुए।

## खबरें फटाफट

### नदाव हाल्ट के पास ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**बक्सर।** धनबाद से शादी समारोह में शामिल होने के बाद बक्सर लौट रहे एक युवक की नदाव हाल्ट के पास ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। शव के पास पड़े मोबाइल पर किसी रिश्तेदार का फोन आया तो पहचान हुई। पुलिस द्वारा उनको घटना की जानकारी दी गई थी। जीआरपी द्वारा शव को ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक की पहचान रोहतास के पड़रिया गांव के 32 साल के विकास कुमार के रूप में हुई है। सूचना पर परिजन भी बक्सर पहुंच गए। इस घटना से दो बेटों के सिर से पिता का साया छिन गया। कुछ सामाजिक लोग पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। विकास दो दिन पहले धनबाद अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। यहां से ट्रेन से लौटने के दौरान बक्सर से पहले नदाव हॉल्ट के पास अचानक ट्रेन से गिर गए। मौके पर ही मौत हो गई।

### पांडेय पट्टी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से जल्द मिलेगी राहत

**बक्सर।** पांडेय पट्टी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। रेलवे ने इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास शुरू कर दिया है। जल्द ही रेलवे फाटक का पुनर्निर्माण किया जाएगा। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही यह काम शुरू होगा और जून माह के अंत तक इस समस्या का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा। रेलवे के निर्माण शाखा के निरीक्षक के बी तिवारी ने बताया कि पांडेय पट्टी रेलवे क्रॉसिंग के बाजार समिति की तरफ के फाटक को रेलवे स्टेशन की तरफ (पूरब) खिसकाया जाएगा। वहीं पांडेय पट्टी इलाके की तरफ पड़ने वाले फाटक को एफसीआई गोदाम की तरफ (पश्चिम) खिसकाया जाएगा जिससे कि सड़क दो भागों में विभक्त हो जाएगी और जाम की समस्या से काफी हद तक निजात पाया जा सकेगा। साथ ही अब एफसीआई गोदाम की तरफ जाने वाले ट्रक भी जाम का कारक नहीं बनेंगे।

# पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सहभागी बनें लोग : जिलाधिकारी

- पांच दिनी पल्स पोलियो अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ
- 2 लाख 59 हजार 513 बच्चों को खुराक पिलाने का निर्धारित किया गया है लक्ष्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सदर अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम के माध्यम से रविवार को आयोजित किया गया। एक जून तक चलनेवाले इस कार्यक्रम में पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। वहीं जिले में पोलिया अभियान का



शुभारंभ जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा सदर अस्पताल बक्सर में नवजात शिशुओं को पोलियो की खुराक पिला कर पल्स पोलियो अभियान मई चक्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने जिले वासियों को कार्यक्रम की सफलता को लेकर सहभागिता निभाने की अपील किया है। जिससे अभियान के तहत शत प्रतिशत निर्धारित उम्र के बच्चों को खुराक पिलाने की लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इसके साथ ही जिले के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं चिकित्सा पदाधिकारी को अभियान को सफल बनाने के लिए मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। ताकि अभियान के निर्धारित लक्ष्य में शत प्रतिशत उपलब्धि मिल सके।

### लक्ष्य पूरा करने के लिए जिले में 760 दलों को गठन

सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिंहा ने बताया कि पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 28 मई 2023 से 01 जून 2023 तक चलेगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ राज किशोर सिंह ने बताया कि जिला अंतर्गत कुल 2 लाख 95 हजार घरों में 2 लाख 59 हजार 513 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए जिले में कुल 760 दलों को गठन किया गया है। जिसमे घर-घर दल- 623, ट्रांजिट दल- 112, मोबाइल दल-13 एवं वन मैन टीम-12 को लगाया गया है. दलो की निगरानी करने हेतु 227 सुपरवाइजर तथा जिले में वैक्सीन वितरण के लिए 43 सब डिपो को बनाया गया है. मौके पर सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बक्सर डॉ सुरेश चंद्र सिंहा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी बक्सर राज किशोर सिंह, उपाधीक्षक सदर अस्पताल बक्सर आरके गुप्ता, वरीय चिकित्सक डॉ भूपेंद्र नाथ, एसएमओ बक्सर, अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह एवं वैक्सीन कोल्डचेन प्रबंधक (यूएनडीपी) मनीष कुमार श्रीवास्तव समेत अस्पताल के कर्मी मौजूद रहे।

डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के 2,59,513 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बुखार से पीड़ित बच्चों के माता-पिता उसके ठीक होने के बाद पोलियो की खुराक दिला सकते हैं। उसके अलावा सर्दी खांसी या दस्त है तो भी उसे अवश्य यह दवाई पिलाएं। बच्चे के जन्म पर, छठे, दसवें व चौदहवें सप्ताह में पोलियो टीकाकरण करवाना चाहिए और 16 से 24 महीने की आयु में बूस्टर डोज दिया जाना अनिवार्य है।

## सफलता: घटना के चौथे दिन ही बक्सर पुलिस ने मामले का कर दिया खुलासा

# चौसा पावर प्लांट के मजदूर को गोली मारने वाले लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

- घटना में शामिल पांच आरोपियों को किया गया गिरफ्तार
- तीन असलहे, पांच कारतूस व चोरी की बाइक बरामद
- 24 मई की रात कामगार को लूट के दौरान मारी गई थी गोली

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर थाना क्षेत्र के संगरांव मंगराव पथ पर जमुना पोखरा के पास 24 मई की रात चौसा पॉवर प्लांट कर्मी को लूट के दौरान गोली मारने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कुल पांच लूटेरों को पकड़ने के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक, तीन असलहे व पांच कारतूस भी बरामद कियें हैं। बरामद बाइक भी चोरी की हैं। लूटेरों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस इनके अपराधिक रिकार्ड को खंगालने में जुट गई हैं। सूत्रों की मानें तो इनकी स्वीकारोक्ति पर लूट तथा छिनतई की कई घटनाओं का उद्भेदन हो सकता है। रविवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता कर इस घटना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कुल पांच अपराधियों को पकड़ा गया है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, तीन असलहे तथा पांच जिंदा कारतूस मिले हैं। एसपी ने बताया कि जो बाइक घटना



में इस्तेमाल की गई थी उसे लूटेरों ने रामगढ़ थाना क्षेत्र से चुराया था। गिरफ्तार अपराधियों में राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी विवेक राजभर पिता उमाशंकर राजभर, गजधरा गांव के शिवम पाठक पिता जितेन्द्र पाठक, नागपुर के मनोज कुमार उर्फ गोलू पिता बुद्धिराम पासवान, इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव निवासी मोहित राय पिता कृष्णबिहारी राय तथा इन्हें हथियार व गोली मुहैया कराने वाले राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी गांव निवासी सागर राय पिता स्व कृष्णकांत राय को गिरफ्तार किया गया हैं।

**स्पेशल टीम ने किया गिरफ्तार, मिलेगा इनाम:** एसपी ने बताया कि लूट के दौरान मजदूर को गोली मारने की घटना की जानकारी मिलते ही एक स्पेशल टीम गठित कर लूटेरों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया गया था। टीम में राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी, डीआईयू प्रभारी राजेश मालाकार तथा राजपुर थाना व डीआईयू के कुछ सिपाहियों को शामिल किया गया था। इस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान व मुखबिरों के सहायता से राजपुर थाना क्षेत्र के रोहिणी भान गांव के पास से चार लूटेरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से घटना में उपयोग की गई बाइक व तीन असलहें तथा पांच गोली मिलें। पूछताछ के दौरान चारों ने बताया कि डिहरी के सागर राय ने उन्हें हथियार व गोली दिया था। इसके बाद सागर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि इस मामले के उद्भेदन में शामिल पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### ड्यूटी से लौटने के दौरान हुई थी लूट की घटना

बता दें कि राजपुर थाना क्षेत्र मंगरांव निवासी राजेन्द्र राजभर का पुत्र हरेराम राजभर चौसा पॉवर प्लांट में मजदूरी करता हैं। 24 मई की रात वह अपनी ड्यूटी पूरी कर साइकिल से अपने गांव लौट रहा था। संगराव मंगराव पथ पर जमुना पोखरा के पास पहले से घात लगाए खड़े लुटेरों ने उसकी साइकिल रुकवा उसका मोबाईल तथा अन्य सामान लूटने का प्रयास करने लगे। लेकिन हरेराम उनसे भीड़ गया तथा एक लूटेरा को पकड़ लिया। तब दूसरे लुटेरे ने कमर से पिस्टल निकाल उसके दाहिने हाथ पर गोली मार दिया। जिससे वह जख्मी हो गया। इसके बाद लुटेरे भाग निकले थे। इसकी जानकारी मिलते ही रात में ही राजपुर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया था। लेकिन उस रात लुटेरे नहीं पकड़े गए।

### क्या कहते हैं एसपी

24 मई की रात चौसा पॉवर प्लांट के मजदूर हरेराम राजभर को लूट का विरोध करने पर गोली मारी गई थी। इस कांड में शामिल चार लुटेरों तथा एक हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी राजपुर थानाध्यक्ष युसूफ अंसारी व डीआईयू प्रभारी राजेश मालाकार के नेतृत्व में गठित टीम हुई है। इस उद्भेदन में शामिल पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**– मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**


## एक नजर

### कोरानसराय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का पुतला



**डुमरांव।** भाजपा में जारी अंतर्कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को कोरानसराय में पार्टी कार्यकताओं ने ही स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का पुतला दहन किया। इसके पहले पूर्व संगठन विस्तारक संतोष दूबे के नेतृत्व में उनके पुतले को कोरानसराय बाजार में भ्रमण कराया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता अश्विनी चौबे बक्सर छोड़ो तथा कार्यकताओं का अपमान नहीं सहेंगे जैसे नारे लगा रहे थे। इसके बाद कोरानसराय चौक पहुंच कार्यकताओं ने सांसद के पुतले में आग लगा दिया। अपने संबोधन में पूर्व संगठन विस्तारक श्री दूबे ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं हैं। ये कार्यकताओं का बराबर अपमान कर रहे हैं तथा उन्हें कभी भागीरथी में फेंकने तो कभी बंगाल की खाड़ी में डालने की बात कह रहे है। उन्होंने कहा कि 25 मई को बक्सर में आयोजित पार्टी के जिला कार्यसमिति बैठक में कमलनयन पांडेय नामक कार्यकर्ता के साथ सांसद के सामने ही उनके गुंडों द्वारा पिटाई की गई। जबकि वे मंच पर चुपचाप उसे पिटते देखते रहे। श्री दूबे ने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि उनके इशारे पर ही कार्यकर्ता की पिटाई की गई थी। वरिष्ठ भाजपा नेता दयाशंकर तिवारी ने कहा कि भाजपा की जिला कार्यसमिति में राजद व वामपंथी विचारधारा वाले लोगों को पदाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने पूरी जिला कमिटी को भंग कर नई कमिटि का गठन करने तथा 2024 में अश्विनी चौबे के जगह किसी दूसरे को पार्टी का उम्मीद्वार बनाए जाने की मांग की। कार्यकताओं ने कहा कि वे लोग अपनी मांगों से प्रदेश व केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करा चुके है। पुतला दहन कार्यक्रम में धर्मेन्द्र तिवारी, सतीश राय, बिपीन बिहारी सिंह, चंद्रकांत तिवारी, विनोद शर्मा, सत्येन्द्र दूबे, धीरज पाठक, रंजन सिंह, राहुल दूबे, सुजीत कुमार सिंह, अभय सिंह, संतोष चंद्र राय, राकेश कुमार गौतम, छोटन दूबे, हैपी दूबे, दिलीप पंडित समेत अन्य दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत का प्रतीक है नया संसद भवन: अश्विनी चौबे



**बक्सर।** स्थानीय सांसद सह केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दिल्ली में रविवार को देश के नवनिर्मित सांसद भवन के देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन करने के मौके पर कहा कि आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत का प्रतीक नया संसद भवन है। हमारे जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है, आधुनिकता और पुरातन का अनूठा संगम है। यह हम सबके के लिए गौरव का क्षण रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नए संसद भवन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत का प्रतीक नया संसद भवन देश की भावी आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने देशवासियों एवं प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि विपक्ष द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार का रवैया ना केवल भारतीय लोकतांत्रिक मयार्दा का उल्लंघन है बल्कि विपक्ष की लोकतांत्रिक आस्था पर भी गहरे प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

### गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को डांस व संगीत का विशेष प्रशिक्षण देगा लक्ष्य डांस एकेडमी

**बक्सर।** रविवार को बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में लक्ष्य डांस एकेडमी द्वारा समर कैंप का उद्घाटन किया गया। इस समर कैंप में गर्मियों की छुट्टी में छात्र-छात्राओं को डांस व संगीत का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस आयोजन से छात्रों की गर्मी की छुट्टी मजेदार बन जाएगी तथा उन्हें एक विशेष विधा का प्रशिक्षण भी मिलेगा। इस समर कैंप का उद्घाटन सहायक अभियंता (विद्युत) शिव कुमार, रेडक्रॉस के पूर्व चेयरमैन डॉक्टर ए के सिंह एवं नगर परिषद की उप मुख्य पार्षद इशरत बानो ने सामूहिक रूप से किया। उद्घाटन के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक डांस कर सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान अतिथियों में जदयू के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सिंह, रेडियंट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेश सिंह, पाटलिपुत्र कोचिंग के डायरेक्टर मनीष तिवारी, लक्ष्य कोचिंग के डायरेक्टर मुकेश श्रीवास्तव सर, मोटिवेशन क्लासेज के डायरेक्टर एम के पांडेय, सफलता कोचिंग के डायरेक्टर राजेंद्र सर आदि रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा नेता रामजी सिंह ने किया। उन्होंने इस प्रयास के लिए लक्ष्य डांस एकेडमी के डायरेक्टर हीरो जैक्सन को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे गर्मियों की छुट्टी के दौरान छात्र-छात्राओं का बढ़िया मनोरंजन होने के साथ ही वे नृत्य व संगीत कला में निपुण होंगे। रामजी ने कहा कि नृत्य व संगीत की कला सभी छात्रों को सीखनी चाहिए। वही डायरेक्टर हीरो जैक्सन ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार के लिए लेनी होगी अनुमति

**नगर परिषद् चुनाव**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के लिए गाइडलाइन जारी किया हैं। गाइडलाइन के उल्लंघन करने पर स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करेगा। डुमरांव नगर परिषद का चुनाव प्रचार इन दिनों जोरो पर है। हर माध्यम से प्रत्याशी वोटरों के जेहन में अपनी छाप बनाना चाहते हैं।

इधर कई दिनों से सोशल मीडिया और कई चैनलों पर प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार देखने को मिल रहा है। डुमरांव एसडीएम सह निवार्ची पदाधिकारी कुमार पंकज ने प्रत्याशियों को गाइडलाइन जारी कर आचार संहिता उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने के साथ ही किसी भी प्रत्याशी या समर्थक द्वारा सरकारी कार्यालय भवन या उसकी दीवार पर किसी तरह का पोस्टर, झंडे-बैनर लगाना प्रतिबंधित किया है तो वहीं आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्याशियों को इंटरनेट मीडिया पर अपने प्रचार के लिए निवार्ची पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। बगैर अनुमति के फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम के साथ स्थानीय चैनल पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता हैं। बगैर अनुमति के प्रचार करने वाले प्रत्याशियों पर कार्रवाई की जायेगी। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ऐसी गतिविधियों पर विशेष मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# ट्रक ने बाइक सवार किशोर को रौंदा, घटनास्थल पर मौत

- रविवार को सुबह बगेन थाना क्षेत्र के एकरासी पुल के पास हुई दुर्घटना
- रघुनाथपुर से मुर्गा लेकर लौटने के दौरान हुआ हादसा

**केटी न्यूज/चौगाईं**

रविवार की सुबह करीब नौ बजे चौगाईं बगेन पथ पर एकरासी पुल के पास एक बेलगमा ट्रक के रौंदने से एक बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया। मृतक मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं गांव निवासी मनोरमा मेस्कर का 15 वर्षीय पुत्र दिनेश मेस्कर हैं। बताया जाता है कि उसके पिता चौगाईं में चिकेन की दुकान चलाते हैं। रविवार को वह अपनी दुकान के लिए मुर्गा लाने रघुनाथपुर गया था, वहां से लौटने के दौरान एकरासी पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया।

ग्रामीणों ने घटना के बाद ट्रक को घेर लिया।



जबकि चालक ट्रक छोड़ कर भागने में सफल रहा है। वही बगेन थाना प्रभारी जवाहर लाल राम घटनास्थल पर पहुच कर मामले की जांच पड़ताल किए तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। इधर घटना की सुचना मिलते ही मृतक की माँ मुन्नी देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। जबकि बड़े भाई राजेश कुमार की दो मई को ही शादी हुई थी। शादी बीतने के बाद सभी परिवार अपने अपने रोजगार में लगा गए। तभी रविवार की इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा दिया है। वही बगेन थाना प्रभारी जवाहर लाल राम ने बताया कि ट्रक को जब्त कर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बैठक में डुमरांव मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बबलू पाठक का किया गया स्वागत

# भाजपा डुमरांव ग्रामीण मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को भारतीय जनता पार्टी डुमरांव ग्रामीण मंडल की एक बैठक शहर के एक निजी सभागार में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषनाथ पाठक एवं लोकसभा के विस्तारक अर्जुन राम एवं पूर्व अध्यक्ष धनंजय सिंह ने बैठक को संबोधित किया।

बैठक में सर्वप्रथम डुमरांव मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ



बबलू पाठक का कार्यकताओं एवं अतिथियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया साथ ही उसके बाद मण्डल अध्यक्ष राजीव के द्वारा मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र, बुके व माला से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में नयें मंडल अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में फिर से एनडीए का कमल खिलेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए शेषनाथ पाठक ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत जनहित में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना, पार्टी को मजबूत करते हुए विस्तार करना, लोगों के साथ संवाद स्थापित करना, सामाजिक रुप से लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्यकताओं को काम करना है एवं प्रधानमंत्री की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हैं। साथ ही साथ महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने हेतु कार्यकताओं को उनके द्वारा प्रेरित किया गया। वहीं लोकसभा विस्तारक अर्जुन राम ने पार्टी के द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रम एवं लक्ष्य के बारे में सब को अवगत कराया। वही कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक यादव ने किया तथा कार्यक्रम के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बबलू पाठक द्वारा किया गया। मौके पर मंडल के पूर्व महामंत्री नंद भारती, पूर्व महामंत्री राज ऋषि सिंह, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष नीरज सिंह, पूर्व मुखिया संतोष सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बबलू सिंह, शिबू दुबे, धोनी कुंवर, प्रवीन पांडेय, राजा भैया, विजय कुमार यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'मन की बात' कार्यक्रम में रेवतीपुर के ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए पीएम मोदी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारतीय जनता पार्टी का मासिक बूथ स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' जनपदवासियों के लिए बेहद खास रहा। नरेंद्र मोदी ने अपने 101वें संस्करण को एशिया की सबसे बड़ी आबादी वाले ग्राम रेवतीपुर से जोड़ा। गांव के पंचायत भवन पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड सहित अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा आम लोगों से सीधे जुड़ कर अपनी बात साझा की। इस दौरान विभिन्न राज्यों से मन कि बात सुन रहे लोगों के क्रम में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का रेवतीपुर गांव भी सीधे प्रसारण से जुड़ा रहा, जो विभिन्न नेटवर्क माध्यमों से पूरे देश दुनिया के लोगों ने सुना तथा देखा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह अबतक का 101वां संस्करण था, जो युवाओं के लिए बेहद प्रेरणा प्रदान करने वाला तथा देश के भावनाओं पर खरा संस्करण है। युवाओं के सोच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कथन ₹भारत की शक्ति इसकी विविधता में है। राष्ट्र भावना को मजबूती देने वाला है।

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सबसे पीछे की कतार के व्यक्ति का उदय हुआ है। अनुसूचित जनजाति की बहुलता वाले रेवतीपुर गांव में मन की बात कार्यक्रम को देख रहे लोगों को राष्ट्रीय पटल पर दिखाना महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि इस समाज के लोगों की जागरूकता का सोपान है।

जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि गाजीपुर 2014 के बाद राष्ट्रीय पटल पर श्रेष्ठता के सम्मान का धनी रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व की जनपद को प्राथमिकता देना, कार्यक्रमों से सीधे जोड़ना है। यह जिले के विकास और जनजीवन को मजबूत करने का प्रयास है। भानुप्रताप सिंह ने कहा कि जिले के सभी बूथों पर आज प्रधानमंत्री के मन कि बात सुनी गई। इस अवसर पर रेवतीपुर के कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं, छात्रों, युवाओं में इस प्रसारण को लेकर भारी उत्साह रहा तथा लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री कि यह प्रेरणा समाज में प्रत्येक को उर्जा और गति देने वाला है। इस अवसर पर जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, वरिष्ठ नेता बालकृष्ण त्रिवेदी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद खरवार, ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय, मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, पूर्व प्रमुख मुकेश राय, मंडल अध्यक्ष लल्लन सिंह, पियुष राय, सुभाष खरवार, अनुप खरवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रृंगार हाट में संदिग्ध परिस्थितियों में एक निमार्णाधीन दुकान में विस्फोट

# जांच का बना विषय : अयोध्या में हुआ धमाका विस्फोट के बाद इलाके में मची अफरा-तफरी

**एजेंसी/अयोध्या**

अयोध्या में थाना राम जन्मभूमि के श्रृंगार हाट में संदिग्ध परिस्थितियों में एक निमार्णाधीन दुकान में धमाका हुआ है। इस धमाके में दुकान में काम कर रहे मजदूर अनिल का हाथ उड़ गया। इसके साथ ही उसके पेट में भी छर्रे लगे हैं, मजदूर को गंभीर अवस्था में श्रीराम अस्पताल से ट्रामा सेंटर दर्शननगर के रेफर किया गया है। वहीं इलाके में तेज धमाके से अफरा-तफरी का माहौल है। इसके साथ ही पुलिस मौके पर मौजूद है और निमार्णाधीन दुकान के मालिक का दावा है कि पटाखे से यह विस्फोट हुआ है। इधर विस्फोट के बाद पुलिस गहनता से जांच में जुट गई है।

यह घटना अयोध्या श्रृंगार हार्डवेयर के बगल स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुई। दुकान का मालिक पहले लाई चूरा भूज कर बेचता था, उस समय यह चोरी-छिपे पटाखे और आतिशबाजी का सामान भी बेचा करता था। सड़क चौड़ीकरण के समय इसकी दुकान भी उसकी जद में आ गई थी। जिससे दुकान की आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते दुकान मालिक ऊपरी हिस्से को रेस्टोरेंट बनाना चाहता था। उसी संबंध में निर्माण कार्य चल रहा था। बताया जाता है कि उसी निर्माण कार्य के दौरान दुकान में रखे पटाखा बम में विस्फोट हुआ, पटाखा बम एक साथ छुपा कर रखे गए थे, इसलिए विस्फोट की तीव्रता अधिक थी जिसके कारण निर्माण कार्य में जुटा मजदूर इसकी चपेट में आ गया है।





■ संदिग्ध परिस्थितियों में वारदात के बाद जांच में जुटी पुलिस

**बम डिस्पोजल दस्ता द्वारा जांच करा ली गई है :** इस घटना को लेकर सीओ अयोध्या एसपी गौतम ने कहा कि आज दोपहर दो बजे सुशील कुमार मोदनवाल जिनके मकान में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। वहां पर रिपेयरिंग के दौरान एक थैली में 5 पटाखे सुतली पटाखे जो दीपावली में जलाए जाते हैं रखे हुए मिले, काम कर रहे मिस्त्री अनिल कुमार निवासी झुमकी घाट के द्वारा जलाने का प्रयास किया गया। जिसमें सारे पटाखे एक साथ जल गये जिससे उनके हाथ और शरीर पर चोट आ गई है। बम डिस्पोजल दस्ता द्वारा जांच करा ली गई है, दिवाली के पटाखे द्वारा ही यह घटना घटी है मौके पर स्थिति सामान्य है जांच चल रही है। बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण तेजी से चल रहा है और अब तक राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर बनकर तैयार हो गया है। हाल ही में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राम मंदिर के निर्माण की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में राम मंदिर की भव्यता साफ दिखाई दे रही है। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को 2024 तक श्रद्धालुओं के लिए खोलने का लक्ष्य रखा गया है। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में अगले साल 2024 में जनवरी के महीने में भगवान रामलला की मूर्ति स्थापित होने वाली है।

## समर्थ नारी समर्थ भारत के सौजन्य से यात्री छाया का हुआ उद्घाटन

**मऊ।** समर्थ नारी समर्थ भारत संगठन के सौजन्य से कड़कती धूप से बचाव हेतु गाजीपुर तिराहे पर यात्री छाया का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन शहर के तेजतर्रार सीओ सिटी धनंजय मिश्रा सर के हाथों हुआ। उन्होंने इस नेक और सराहनीय पहल के लिए संगठन की जिलाअध्यक्ष विनीता पांडेय और उनके समस्त टीम की प्रशंसा के साथ ही सब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे नेक और सराहनीय कार्य के लिए इस महिला संगठन के लिए हर समय मैं सहयोग प्रदान हेतु खड़ा रहूंगा। संगठन की जिलाध्यक्ष व संस्थापिका विनीता पांडेय ने बताया कि अक्सर आते जाते समय मेरी नजर कड़कती धूप में अपने सवारियों के इंतजार में खड़े उन यात्रियों पर पड़ी तो मन में विचार आया कि क्यों नहीं एक छोटा सा ही सही यात्री छाया का निर्माण किया जाए। जिसमें सबकी सहमति मिल गई। जिसका परिणाम आज यह यात्री छाया बनकर तैयार हो गया। जिला महासचिव नूपुर अग्रवाल ने कहा कि आगे भी इसी तरह का संगठन की तरफ से जनता के लिए नेक कार्य होते रहेंगे। संगठन की संरक्षिका कृष्णा खंडेलवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वहां पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष ज्योति सिंह, एडिटर नीलम पांडेय, शैल त्रिपाठी ज्योति खंडेलवाल, आभा त्रिपाठी, मधुलिका बरनवाल व अन्य मौजूद रहे।

## 14 करोड़ 70 लाख की लागत से 7 सड़कों का होगा नवीनीकरण

**बलिया।** जनपद के ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण में तेजी आई है। लोक निर्माण विभाग की ओर से शासन को सात सड़कों के नवीनीकरण व सामान्य मरम्मत के लिए 14.77 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने राज्य सड़क निधि योजना के तहत इन कार्यों को स्वीकृति दे दी है। अब लोक निर्माण विभाग की ओर से इन सड़कों के निर्माण को लेकर टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर निकाय चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता हटने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों की दशा सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग ने कवायद तेज कर दी है।जिले के ग्रामीण इलाकों के कई सड़कों की दशा काफी बेहाल है। शासन की ओर से कई बार सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश भी दिया गया लेकिन सड़कें दुरुस्त नहीं हो सकीं। लोक निर्माण विभाग ने अलग-अलग इलाकों की सात सड़कों के सामान्य मरम्मत व नवीनीकरण के लिए शासन को कुल 14.77 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा था।

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता सीपी गुप्ता शासन ने राज्य सड़क निधि योजना के तहत इन सड़कों के प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी है। अब लोक निर्माण विभाग की ओर से इन सड़कों के मरम्मत व नवीनीकरण कार्य को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से टेंडरिंग प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। विभागीय अधिकारी ने बताया कि इसमें उन मार्गों को शामिल किया गया है जो काफी क्षतिग्रस्त हैं। विभाग की ओर से इन मार्गों के निर्माण के लिए छह माह की समय सीमा निर्धारित की गई है।शासन से अलग-अलग इलाकों के सात मार्गों की मरम्मत व नवीनीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है। विभाग की ओर से टेंडरिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है।

## गंगा में डूबकर युवक की मौत, मचा कोहराम

**गाजीपुर।** जमानियां कोतवाली क्षेत्र के पक्का गंगा घाट पर एक वृद्ध के अंतिम संस्कार के बाद स्नान कर रहे युवक की डूब कर मौत हो गई। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। काफी मशक्कत के बाद मछुआरों की सहायता से शव को बाहर निकाला जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि गांव में घटना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है। दिलदारनगर बाजार के निवासी अशोक कुमार गुप्ता की मौत होने के बाद अंतिम संस्कार करने जमानिया घाट पर गये थे। अंतिम संस्कार के बाद दिलीप गंगा में डूबकी लगा स्नान कर रहा था। तभी गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। अशोक कुमार गुप्ता भकसी गांव में सफाई कर्मी के पद तैनात थे। उनका एक लड़का जय कुमार गुप्ता है। जो बाहर प्राइवेट काम करता है। कोतवाल महेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

## निराला एक विद्रोही चेतना के थे कवि: नीतू

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पीजी कॉलेज गाजीपुर के सेमिनार हॉल में रविवार को पूर्व शोध प्रबंध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के शोध अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के समक्ष सम्पन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में हिंदी विषय की शोध छात्रा नीतू यादव ने अपने शोध प्रबंध की विषय वस्तु को प्रस्तुत किया।

प्रस्तुति के उपरांत शोध समिति के सदस्यों एवं प्राध्यापकों द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न किया गया। जिसमें नीतू यादव ने सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। शोध प्रबंध पूर्व संगोष्ठी निराला जी के विद्रोही विचारों के मूल्यांकन पर किया गया। नीतू यादव ने बताया कि निराला जी एक विद्रोही चेतना के कवि तथा लेखक थे। इस विद्रोह का प्रभाव उनके सम्पूर्ण साहित्य पर पड़ा। समाज में



वर्ग संघर्ष तथा कुप्रथाओं को देखकर उनके अन्दर क्रांति का उद्वेलन हुआ। समाज में कमजोर वर्ग के प्रति उनके हृदय में अपार प्रेम समाया हुआ था। उन्होनें शोषक वर्ग के प्रति विद्रोह किया। निराला एक प्रकार से कबीर की परम्परा के कवि हैं। निराला जी के अन्दर सामाजिक असमानता ने विद्रोही स्वर भर दिया। महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे. (डॉ.) जी सिंह, मुख्य नियंता डॉ दिनेश कुमार सिंह प्रो.(डॉ.) रविशंकर सिंह, डॉ. मनोज कुमार मिश्र, डॉ. रुचि मूर्ति सिंह, डॉ. रविशेखर सिंह, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. अमित सिंह आदि महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) विनय कुमार दुबे ने सबका आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा शोधार्थी को शोध प्रबंध जमा करने की संस्तुति प्रदान की गयी।

## अंडर -19 अंतर जनपद ट्रायल का अंतिम मैच गाजीपुर और आजमगढ़ के बीच खेला गया

# आजमगढ़ ने 167 रनों से जीता मैच, धनंजय ने बनाए 85 रन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशन में गाजीपुर मंडल के अंतर्गत जनपद गाजीपुर के नेहरु स्टेडियम में हो रहे अंडर -19 अंतर जनपद ट्रायल का चौथा और अंतिम मैच गाजीपुर और आजमगढ़ के बीच खेला गया। मैच के पूर्व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (संबद्ध झ उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ) के मुख्य संरक्षक तथा उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह ने मुख्य चयनकर्ता कमल कांत



कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर एपी सिंह एवं शिशिर मेहरोत्रा के साथ पिच का मुयायना किया। रिपोर्टिंग टाइम प्रातः 07:00 बजे था। टॉस प्रातः 07:30 बजे कराकर ठीक 08:00 बजे मैच शुरू किया गया। टॉस जीतकर आजमगढ़ ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आजमगढ़ की टीम से धनंजय यादव के 85 तथा उत्कर्ष पाण्डेय के अर्धशतक (50) रनों के बदौलत 291 रन बनाई। जवाब में गाजीपुर की टीम मात्र 124 रन बनाकर सिमट गई। इस मैच में आजमगढ़ 167 रनों से मैच अपने नाम कर लिया।

सम्पूर्ण मैच के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अधिकृत चयनकर्ता कमल कांत कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर एपी सिंह एवं शिशिर मेहरोत्रा सहित स्कोरर अनूप शर्मा मैदान पर उपस्थित थे। मैच के अंत में बीसीसीआई पैनल के अंपायर अनिरुद्ध प्रताप सिंह को गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने सांकेतिक सम्मान स्वरुप टी-शर्ट तथा गिफ्ट भेंट किया। इसके अतिरिक्त संस्था के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने अंगवस्त्र तथा सचिव डॉ. उमेश चन्द्र राय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि अपने व्यस्त दिनचर्या के बावजूद अंडर -19 ट्रायल के लिए समय निकाला, इसके लिए मंडल की तरफ से जीडीसीए उनके प्रति आभारी रहेगी। उन्होंने बताया कि रविवार को पिच का मरम्मत कार्य किया जाएगा तथा सोमवार 29 मई से 01 जून तक अंडर- 16 का ट्रायल मैच कराया जाएगा। इस दौरान गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक तथा उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह के अतिरिक्त अध्यक्ष शाश्वत सिंह, बरुन कुमार अग्रवाल, वैभव सिंह, संजय राय, मो० आरिफ, रंजन सिंह, क्यूरेटर संजय यादव, रोहित जयसवाल, भरत कुशवाहा, शहंशाह खान, नरेन्द्र, मो० सकील, राहुल यादव, अभिषेक, शिवम् यादव, अयन, पवन व अन्य मौजूद रहें।

## एक नजर

### आरोग्य मेले में 114 मरीजों का हुआ उपचार



**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खंड क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 114 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डॉ. अशोक कुमार सिंह ने 55 मरीजों को देखा। साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोड़ ने 28, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ. आसिफ लारी ने 18 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 13 मरीजों का इलाज किया। इस प्रकार मेला में कुल 114 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें लीवर के एक, सांस के आठ, उदर के दस, मधुमेह-11, एएनसी के दो, चर्मरोग के 15, हाईपर टेंशन के चार, टीबी के दो, एनिमिया के एक तथा अन्य रोगों से पीड़ित 60 मरीजों को देखा गया।

### बउरहवा बाबा की पुण्यतिथि पर 40 दिवसीय रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ

**गाजीपुर।** मलदह ब्लाक के मटेंहु गांव स्थित सन्त बउरहवा बाबा मंदिर कुटी परिसर में एक मई से 40 दिवसीय श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है। नौ जून को बउरहवा बाबा की 25वीं पुण्यतिथि के समापन के अवसर पर पूर्वाह्न नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक विशाल भंडारे का जनसहयोग से आयोजन किया गया है। भंडारे में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, एमएलसी यशवंत सिंह, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत चेयरमैन सपना सिंह, नगर पालिका चेयरमैन गाजीपुर सरिता अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, रसड़ा नाथबाबा मठ के महंत कौशलेंद्र गिरी सहित विभिन्न जिले से आये अतिथिगण भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी आयोजक समाजसेवी अजय श्रीवस्तव एवं भाजपा नेता अरविंद सिंह ने दी है। आयोजकों ने अधिक तादात में श्रद्धालुओं से सपरिवार भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।



### दो गैंगस्टर चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में गड़वार पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दो गैंगेस्टर के अलावा उस अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है, जिसने पुलिस पर हमला किया था। गड़वार थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह मय फोर्स देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अभियुक्त, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, रोकथाम जुर्म जरायम में मामूर थे। तभी मुखबीर की सूचना के आधार पर कोतवाली बलिया पंजीकृत धारा 3/2 (1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित सुनील कुमार मिश्र पुत्र स्व. पारसनाथ मिश्र व राजू कुमार मिश्र उर्फ राजीव मिश्र पुत्र स्व. पारसनाथ मिश्र (निवासीगण : परिखरा, तिखमपुर, थाना बांसडीह रोड़) को थाने के पूर्वी गेट से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।



### महाबिरी झंडा जुलूस के लिए बैठक आयोजित

**बलिया।** सिकन्दरपुर में आगामी महीने में निकलने वाले ऐतिहासिक महाबिरी झंडा जुलूस को लेकर रविवार को स्थानीय थाना के प्रांगण में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि 20 जून को निकलने वाले ऐतिहासिक महाबिरी झंडा जुलूस का त्योहार आप सभी आपस में मिलजुलकर मनाए।कियोंकि हर त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाए। उन्होंने अखाड़ेदारो से सिकंदरपुर की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सभी लोगो से सौहार्द पूर्वक त्योहार मानने की अपील किया।नगर में सभी अखाड़ों से निकलने वाले इस महावीरी झंडा जुलूस को देखने के लिए गांव देहात से भी हजारों की संख्या में लोग जुटते है। बैठक में अखाड़ेदारों ने नगर में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया, जिसमे स्ट्रीट लाइटों का न जलना, सड़कों पर हुए अतिक्रमण,रास्तों पर साफ सफाई, नालों की सफाई न होना, आदि रहा। उपजिलाधिकारी ने चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जयसवाल से इन समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने कहा कि त्योहार को आपस में मिलजुल कर मनाए।कियोंकि फूलों की यह नगरी गंगा जमुनी तहजिब के लिए जानी जाती है। इसे बरकरार रखें।अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल को खराब करने का प्रयास किया जायेगा तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। वही संगीन धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया जायेगा। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जयसवाल, आदर्श नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अत्ताउल्लाह, गणेश सोनी, डा. उमेशचन्द्र, राकेश यादव, राकेश सिंह, लालबचन प्रजापति, सतीश वर्मा,रईस अहमद, पवन वर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे ।

### 500 बहनों ने देखी द केरला फिल्म: विहिप

**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद बलिया की पहल पर शीश महल सिनेमा हॉल के प्रोपराइटर गढ़ से बातचीत के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मई को द केरला स्टोरी फिल्म देखने के लिए सैकड़ों महिलाओं में भरपूर उत्साह दिखा आयोजक मंडली एवं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मंगल तो चौबे ने बताया कि धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। सिनेमा हॉल के प्रोपराइटर गण का जिन्होंने कहा तो था 200 लोगों को फ्री में फिल्म दिखाने का लेकिन भीड़ की स्थिति देखने के बाद पूरे हाल को लगभग 500 महिलाओं ने द केरला स्टोरी फिल्म देखा चौबे ने बताया कि इस फिल्म में किस प्रकार से जिहादी ताकत है। हमारी बहन बेटियों को गुमराह कर रही है, इसका सुंदर वर्णन किया गया है। बहन बेटियों को यह फिल्म दिखा कर किस प्रकार से उन ताकतों से लड़ना है ऐसा हम सभी का प्रयास है। विश्व हिंदू परिषद परिवार ने श्रीराम अवतार सरावगी एवं अनुज सरावगी श्रीमती भारती सिंह जी उपस्थित समस्त गणमान्य लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर सुनील यादव, भानु, अरुण सिंह, मनोज चौबे आदि उपस्थित रहे।